दिन– शनिवार दिनांक– 07 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

02. विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार – भारत में पिछले ग्यारह साल में लगभग सत्ताईस करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले।

03. हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा – बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच अगस्त महीने तक सीटों का हो जाएगा बंटवारा।

04. और, कुर्बानी का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस अवधि में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ।

---

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह विशेष रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

पिछले ग्यारह वर्षों में, देश का कृषि क्षेत्र एक मौन क्रांति का गवाह रहा है। इसके पीछे बीज से बाजार तक के दृष्टिकोण की प्रेरणा रही है। कृषि में सरकार का बजट आवंटन लगभग पांच गुना बढ़ा है। 2013–14 में यह 28 हज़ार करोड़ रुपये था जो 2024–25 में एक लाख 37 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख 70 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि 11 करोड़ किसानों तक सीधे पहुंचाई गई हैं। किसानों के लिए वित्तीय सुरक्षा में भी सुधार हुआ। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया, वहीं, फ़सल बीमा योजना से लगभग 20 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है, जिनके एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये के फ़सल बीमा दावों का निपटान किया गया। गेहूं, धान, दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी हुई है। सोलर पंपों के लिए पीएम–कुसुम और प्राकृतिक खेती मिशन जैसी योजनाओं से कृषि क्षेत्र में मजबूती और

स्थिरता को बढ़ावा मिला। पीएम कृषि सिंचाई योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना ने सिंचाई और मृदा उत्पादकता को मजबूत किया है। किसानों को आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक जानकारी के साथ सशक्त बनाया है। सरकार ने संबद्ध क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। दूध उत्पादन में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इससे भारत दुनिया का शीर्ष डेयरी उत्पादक बन गया है और दुग्ध उत्पादन से जुडें 8 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। मछली पालन में, भारत का उत्पादन दस वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। इससे ग्रामीण आजीविका और तटीय समृद्धि को बढ़ावा मिला। आज, भारतीय किसान केवल एक कृषक नहीं है, अब वह राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहा है। शशांक कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

भारत में बेहद गरीबी की हालत में रहने वालों की संख्या कम करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है। दो हजार ग्यारह–बारह से दो हजार बाईस–तेईस के बीच छब्बीस करोड़ नब्बे लाख लोगों को इससे बाहर निकाला गया।

———रिपोर्ट———

विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार गरीबी के ये दर 2011–12 में 27 दशमलव एक प्रतिशत थी। 2022–23 में यह घटकर केवल पांच दशमलव तीन प्रतिशत रह गई। देश में 2011–12 में 34 करोड़ 44 लाख से ज्यादा लोग बेहद गरीबी की हालत में थे और 2022–23 में इनकी संख्या तेजी से घटकर सात करोड़ 52 लाख के करीब रह गई। एनडीए सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में लागू की गई पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत योजना की मदद से गरीबी की दर घटाने में यह बड़ी सफलता मिली है। इस दिशा में विशेष प्रगति उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज की गई। समाचार कक्ष से मनीषा खन्ना।

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच अगस्त महीने तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर कोई मतभेद नहीं है।

———बाइट———

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा एक दैनिक समाचार पत्र में लिखे लेख के बाद आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। अपने लेख में श्री गांधी ने दावा किया है कि पिछले वर्ष महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में व्यापक धांधली हुई थी। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं रहा है, जिसके कारण वे इस तरह के बयान देते रहते हैं।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब चुनाव हार जाती है, तब इस तरह के बयान सामने आते हैं।

———————————————

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने श्री गांधी के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। आयोग ने श्री गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों पर बिंदुवार जवाब दिया है।

———————————————

कुर्बानी का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। राजधानी पटना के गांधी मैदान में नमाज अदा करने के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी पहुंचे थे। इधर, बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। प्रशासन सोशल मीडिया को लेकर भी विशेष सतर्कता बरत रहा है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————

राज्य सरकार ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का पुर्नगठन किया है। जदयू नेता सलीम परवेज को बोर्ड का नया अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही बारह सदस्य भी मनोनीत किये गए हैं। इधर, सरकार ने बिहार राज्य खाद्य आयोग का अध्यक्ष प्रह्लाद कुमार सरकार को और अशोक कुमार सिंह को बाल श्रमिक आयोग का अध्यक्ष बनाया है।

———————————————

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष बबन रावत ने आज पटना में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार में सफाई कर्मचारी आयोग बनाने की मांग की।

———————————————

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम गांव–गांव जाकर किसानों के साथ संवाद कर रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉक्टर अनूप दास ने बताया कि संवाद के दौरान किसानों को नई तकनीकों के साथ–साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

–––बाइट–––

डॉक्टर अनूप दास के साथ पूरी बातचीत आकाशवाणी पटना द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम सामयिक चर्चा में आज रात सात बजकर बावन मिनट से सुनी जा सकती है।

---

सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद, नैक द्वारा ए–ग्रेड प्राप्त हुआ है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह मान्यता विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

---

बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए होटल प्रबंधन के क्षेत्र में कैरियर की काफी संभावनाएं हैं। होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम, बोधगया के प्रमुख धीमान बनर्जी ने बताया कि आतिथ्य, पर्यटन, स्वास्थ्य और पोषण तथा कैटरिंग जैसे क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक छात्र संस्थान से जुड़ सकते हैं।

–––बाइट–––

---

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अबतक पैंतालीस लोग संक्रमित हुए हैं। इनमें से सत्रह पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आईजीआईएमएस, पीएमसीएच, एनएमसीएच और एम्स में कोरोना की जांच शुरू हो गई है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि कोविड जांच के लिए राज्य के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही एक लाख जांच किट उपलब्ध करायी जायेगी।

---

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने से एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

---

मधुबनी जिले के नरहिया–नवटोल के पास पटना से सिलीगुड़ी जा रही एक बस अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गयी। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

खगड़िया समाहरणालय के पास से पुलिस, एसटीएफ और डी आई यू की टीम ने कुख्यात अपराधी विपुल यादव को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उस पर विभिन्न थानों में बारह मामले दर्ज हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

02. विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार – भारत में पिछले ग्यारह साल में लगभग सत्ताईस करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले।

03. हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा – बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच अगस्त महीने तक सीटों का हो जाएगा बंटवारा।

04. और, कुर्बानी का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।